# Result Mitra IAS/PCS Daily Magazine Content

## सांता एना हवाएं

➢ **हालिया संदर्भ :**

- हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के कई जंगलों में लगी आग ने इस क्षेत्र के कई घरों और व्यवसायों को नष्ट कर दिया है।
- इस जंगली आग के कारण मंगलवार (7 जनवरी) को लॉस एंजिल्स क्षेत्र में 30 हजार से अधिक लोगों को अपने घर खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा।
- वर्तमान में दक्षिण कैलिफोर्निया में तीन बड़ी जंगलों में आग लगी हुई है जो लॉस एंजिल्स क्षेत्र के विपरीत दिशा में है।
- लॉस एंजिल्स के पश्चिम में पैलिसेड्स में मंगलवार को लगी आग में पेसिफिक पैलिसेड्स में करीब 2900 एकड़ से अधिक कृषि भूमि जलकर नष्ट हो गई जबकि अल्ताडेना के ऊपर की पहाड़ियों में लगी आग के कारण यहां की 1000 एकड़ से अधिक भूमि जलकर राख हो गई है।
- तीसरी आग लॉस एंजिल्स के सिल्वर इलाके में भड़की, जहां सैकड़ो एकड़ जमीन जलकर नष्ट हो गई।
- इस जंगल की आग का कारण अभी तक निर्धारित नहीं हो पाया है।
- अमेरिकी वन सेवा के अनुसार पूरे अमेरिका में लगभग 85% जंगल की आग मनुष्यों की जानबूझकर या गलती के कारण लगती है।
- हालांकि विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि तीन जंगलों में लगी आग के दो बड़े कारण हो सकते हैं, जिनमें "सांता एना हवाएं" और "जलवायु परिवर्तन" प्रमुख कारण है।

## ➢ “सांता एना” हवाएं क्या है ?

- *** “सांता एना” हवाएं गर्म शुष्क मौसम के लिए जानी जाती है जो अक्सर शरद ऋतु में उठती है लेकिन ये वर्ष के अन्य ऋतुओं में भी उत्पन्न हो सकती है।




- सांता एना हवाएं तब चलती है जब ग्रेट बेसिन–रॉकी पर्वत और सिएरा नेवादा (पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका की एक पर्वत श्रृंखला) के बीच के क्षेत्र में उच्च दबाव और कैलिफोर्निया के तट पर निम्न दबाव होता है।
- *** दबाव का यह अंतर बेसिन के अंतर्देशीय रेगिस्तानों, दक्षिण कैलिफोर्निया के पूर्व और उत्तर से पहाड़ों के ऊपर प्रशांत महासागर की ओर शक्तिशाली हवाओं की गति को ट्रिगर करती है।
- जैसे ही ये हवाएं पहाड़ों के नीचे आती है वह संकुचित होकर गर्म हो जाती है तथा हवा की आद्रता भी कम हो जाती है।
- इन हवाओं की आर्द्रता कभी 20 से 10% कम हो जाती है।
- इन हवाओं की अत्यधिक कम आर्द्रता वनस्पति को शुष्क कर देती है जिससे वह जलने के लिए तैयार हो जाती है।
- “सांता एना हवाएं” की यह प्रक्रिया ने दक्षिणी कैलिफोर्निया के तीन जंगली आग को लगाने में मदद की।
- *** सांता एना हवाएं आमतौर पर अक्टूबर से जनवरी तक चलती है।

- सर्दियों के मौसम में सांता एना हवाएं का पैटर्न ग्रेट बेसिन के सतह के पास उच्च दबाव बनाने की अनुमति देता है तथा यह प्रशांत क्षेत्र में कम दबाव वाली हवा के साथ संपर्क करता है।
- *** आमतौर पर सालाना लगभग 10 से 25 सांता एना हवाएं की घटना घटित होती है जो सामान्यत: 1 से 7 दिनों तक चलती है।
- सबसे लंबी समय तक दर्ज की गई सांता एना की घटना नवंबर 1957 में 14 दिन की थी।
- सांता एना "काटाबेटिक हवाएं" (नीचे की ओर बहने वाली हवाएं) हैं जो उच्च ऊंचाई पर उत्पन्न होकर समुद्र तल की ओर नीचे की ओर बहती है।
- अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा सांता एना हवाओं को "एक मौसम की स्थिति" के रूप में परिभाषित करता है जिसमें मजबूत गर्म, धूल भरी हवाएं अंतर्देशीय रेगिस्तानी क्षेत्रों से लॉस एंजिल्स के आसपास प्रशांत तट में चलती है।
- *** सांता एना घटनाओं में रेगिस्तान की तुलना में तट पर अधिक गर्मी होती है जिसके कारण दक्षिण कैलिफोर्निया तटीय क्षेत्र गर्मियों के बजाय शरद ऋतु में अपने उच्चतम वार्षिक तापमान तक पहुंच जाता है।
- "सांता एना" हवाएं अक्सर तटीय दक्षिणी कैलिफोर्निया में वर्ष की सबसे कम सापेक्ष आर्द्रता लाती है जो संपीड़ित रूप से गर्म वायु द्रव्यमान और उच्च हवा की गति के साथ मिलकर गंभीर आग के मौसम की स्थिति उत्पन्न करती है।
- "सांता एना" हवाएं का नामकरण इसके "सांता एना केन्यन" क्षेत्र में तीव्र गति के साथ चलने के कारण किया गया।

### ➢ जंगलों की आग में जलवायु परिवर्तन की भूमिका :

- सांता एना द्वारा संचालित जंगल की आग कैलिफोर्निया के परिदृश्य का एक स्वाभाविक हिस्सा है।
- हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि कैलिफोर्निया में जंगल की आग का मौसम हाल के वर्षों में लंबा हो गया है।
- जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ़ द नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज (PNAS) में प्रकाशित 2023 के एक अध्ययन से पता चलता है कि पिछले 20 वर्षों में कैलिफोर्निया में जंगल की आग की 10 बड़ी घटनाएं हुई है जिनमें से 5 घटनाएं अकेले 2020 में घटित हुई है।
- कैलिफोर्निया के जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं का एक प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन भी है।
- पिछले कुछ वर्षों से वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण झरने और महासागरें गर्म हो गई है और बसंत ऋतु की शुरुआत से ही बर्फ पिघलना शुरू हो जाता है जिसके कारण संचयी रूप से लंबे और अधिक

तीव्र शुष्क मौसम बना रहता है जिससे वनस्पतियां अधिक शुष्क हो जाती है जिसके फलस्वरुप जंगल आग के प्रति अधिक संवेदनशील हो गए हैं।

- संयुक्त राष्ट्र की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान जलवायु नीतियों के परिणामस्वरुप सदी के अंत तक ग्लोबल वार्मिंग 3 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाएगी जो की 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा से दोगुना है जो भविष्य में जंगल की आग की घटनाओं में और वृद्धि लाने के लिए जिम्मेदार हो सकती है।

**MCQ–1 :** "सांता एना" हवाओं के संबंध में निम्न कथनों पर विचार करके सही विकल चुने–

कथन–1 : सांता एना हवाएं तब चलती है जब ग्रेट बेसिन–रॉकी पर्वत और सिएरा नेवादा पर्वत श्रृंखला के बीच के क्षेत्र में उच्च दबाव और कैलिफोर्निया के तट पर निम्न दबाव होता है।

कथन–2 : सांता एना हवाओं में आर्द्रता बहुत ही अधिक होती है।

कथन–3 : आमतौर पर सांता एना हवाएं की घटना 10 से 25 बार सालाना घटित होती है।

कथन–4 : सांता एना हवाओं के कारण रेगिस्तान की तुलना में प्रशांत महासागर तट पर अधिक गर्मी होती है।


a) कथन 1, 3 और 4 सही है।
b) चारों कथन सही है।
c) कथन 2 गलत है।
d) सभी कथन गलत है।

Ans.–(c)

**Mains–1 : सांता एना हवाएं किस प्रकार कैलिफोर्निया के जंगलों की आग को ट्रिगर करती है, समझावें।**

Result Mitra

स्टार पॉइंट वाले पैराग्राफ प्रीललम्स एग्जाम के ललए अति महत्वपूर्ण हैं




हम आपको रिजल्ट देने आये हैं.
Result Mitra
1- UPSC(IAS) COMPLETE GS -5999 ₹.
2- NCERT for IAS/PCS -2499 ₹
3- ESSAY for IAS/PCS- 2199 ₹
4- UPSC PRELIMS TEST SERIES - 1399 ₹
5- सभी राज्यों के लिए टेस्ट सीरीज - 1399 ₹
कोर्स या Test Series के लिए
WhatssApp कीजिये
9235313184, 9235446806